आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.07.2024 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री ने सेना के जवानों के साथ मनाया कारगिल विजय दिवस, अग्निवीर योजना पर गलत सूचना फैलाने के लिए विपक्ष पर साधा निशाना।
2- प्रदेश में सरकारी नौकरियों में अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण, सीएम मोहन यादव ने की घोषणा।
3- प्रदेश में औसत से चार प्रतिशत अधिक वर्षा. बरगी बांध के गेट खुलने पर बढ़ेगा जल स्तर, संबंधित जिलों को किया अलर्ट जारी।
4- भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का निधन, कल बिहार में होगा अंतिम संस्कार।

**पीएम-कारगिल विजय दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्रास में करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लद्दाख की ये महान भूमि करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि करगिल विजय दिवस हमें यह बताता है कि देश के लिए दिया गया बलिदान अमर है। जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों पर पाकिस्तान की आलोचना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान अतीत में भी अपने सभी नापाक प्रयासों में विफल रहा है, लेकिन वह आतंकवाद और छद्म युद्ध का सहारा लेकर स्वयं को प्रासंगिक बनाए रखने के प्रयास कर रहा है। श्री मोदी ने देश के रक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन डेढ लाख करोड़ रूपए से अधिक हो गया है। प्रधानमंत्री ने अग्निपथ योजना के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह देश में होने वाले महत्वपूर्ण सुधारों में से एक है और इससे भारत का सामर्थ्य बढेगा। श्री मोदी ने कहा कि देश के युवाओं को गुमराह करने वाले ये लोग अतीत में भी सशस्त्र बलों के प्रति कोई सम्मान नहीं रखते थे।

कारगिल सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कारगिल विजय दिवस और रजत जयंती वर्ष पर भोपाल के शौर्य स्मारक में भारत माता की प्रतिमा पर नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने शौर्य स्मारक परिसर में स्थापित सेना के टी-55 टैंक का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने द्रोणाचार्य सभागार में कारगिल युद्ध में शहीद

हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कारगिल विजय से हमारी सेना ने एक नया इतिहास रचा। यह विजय भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की पहचान है। युद्धों में कई बार हथियारों के आगे सेना का हौसला महत्वपूर्ण होता है, जो जीत की ओर ले जाता है।

कारगिल विजय दिवस पर मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषाणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा अनुसार राज्य में अग्निवीरों को पुलिस और सशस्त्रवलों की भर्ती में आरक्षण दिया जाएगा।

**मौसम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि अधिक वर्षा की स्थिति में उत्पन्न होने वाले कष्टों से बचने के लिए अपने स्तर पर भी सजग रहें। विशेष रूप से बच्चों का ध्यान रखना आवश्यक है। बच्चे अधिक जल स्तर और बहाव क्षेत्र की तरफ न जाएं। इसके साथ ही आकाशीय बिजली से भी सावधान रहना आवश्यक है। वर्षा से बचने के लिए पेड़ की शरण न ली जाए, क्योंकि आकाशीय बिजली पेड़ों पर अधिक गिरती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश अब तक औसत से 4 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बरगी बांध के गेट खुलने से जल स्तर बढ़ेगा। सभी संबंधित जिलों को अलर्ट जारी कर दिया गया है। अतिवर्षा से प्रभावित सागर एवं कटनी जिले में राहत शिविर भी लगाये गये है।

गौरतलब है रि प्रदेश में मानसून सक्रिय है। आज 26 जुलाई तक 400 मि.मी. वर्षा हो चुकी, जो औसत से चार प्रतिशत अधिक है। अगले चार दिन में जहाँ पूरे प्रदेश में हल्की वर्षा का पूर्वानुमान बताया गया है, वहीं 3 संभागों में अधिक वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है।

भोपाल, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के कुछ जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान है। इनमें भोपाल, विदिशा, सीहोर, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम, जबलपुर, कटनी, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा इनमें शामिल हैं। इसके अलावा सागर संभाग में पन्ना और छतरपुर, रीवा संभाग में सतना जिले में भारी वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया है। विदिशा से हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर और लगातार हो रही धीमी तेज बारिश की वजह से कई बस्तियों में जल भराव की स्थिति है बुरे हालात स्कूलों में देखने को मिल रहे हैं। उधर, पन्ना जिले में 1 जून से 25 जुलाई 2024 की अवधि में 432.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

प्रभात झा

मध्य प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता प्रभात झा का आज तड़के निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनको दिमागी बुखार के बाद तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी। जिसके बाद भोपाल के बंसल अस्पताल में भर्ती किया गया था। दो दिन बाद प्रभात झा को एयरलिफ्ट कर दिल्ली के मेदांता अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने पत्रकारिता से अपने करियर की शुरुआत की थी।

प्रभात झा मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे। उनका जन्म 4 जून 1957 को बिहार के दरभंगा के हरिहरपुर गांव में हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में मीडिया के साथ आवश्यक समन्वय को हमेशा प्राथमिकता दी। वे निरंतर अध्यनन करते रहते थे। उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने के लिए यादगार सेवाएं दीं। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अस्पताल पहुंचकर श्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

छात्रवृत्ति

प्रदेश में समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को समेकित छात्रवृति योजना के माध्यम से छात्रवृति राशि का भुगतान उनके बैंक खातों ट्रांसफर किया जा रहा है। इस योजना के लिये स्कूल शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पिछले वर्ष इस योजना के माध्यम से 61 लाख विद्यार्थियों को उनकी 309 करोड़ रूपये की छात्रवृति की राशि बैंक खातों में अंतरित की गई। सरकारी और प्रायवेट विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्तमान में 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृति योजनाएँ शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर विद्यार्थियों के खाते में भुगतान की जा रही है। समेकित छात्रवृति योजना में प्रत्येक विद्यार्थी का नाम यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षावार, स्कूलवार, नामाकंन ऑनलाइन किये जाने के लिये सिस्टम शिक्षा पोर्टल पर एनआईसी के माध्यम से तैयार किया गया है।

मदरसा बोर्ड

मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड की उर्दू माध्यम से हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाने की दिनांक बढ़ाकर 10 अगस्त कर दी गई है। पूर्व में 25 जुलाई 2024 तक यह फॉर्म भरे जाने थे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि

सुधार दिनांक 10 अगस्त 2024 तक तथा भरे गए आवेदन पत्र डाक द्वारा कार्यालय मदरसा बोर्ड में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2024 निर्धारित की गई है।

**एशिया कप क्रिकेट**

महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट में भारत फाइनल में पहुंच गया है। आज पहले सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया। भारत ने 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 81 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश 20 ओवर में 8 विकेट पर 80 रन ही बना सकी। आज दूसरे सेमीफाइनल में शाम सात बजे श्रीलंका और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

**संक्षिप्तसमाचार**

1- अशोकनगर जिला प्रशासन स्त्री फिल्म के निर्माता निर्देशक और कलाकारों को सम्मानित करेगा। फीचर फिल्म का निर्माण चंदेरी में किया गया था। फिल्म से चंदेरी के पर्यटन को आशातीत प्रोत्साहन मिला है।
2- शाजापुर में आज अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सायबर योगेश देशमुख ने एसपी कार्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने यहां एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।
3- देवास जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज रोजगार कार्यालय देवास में किया गया। शिविर में 6 कम्पनियों द्वारा 58 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया।
4- मुरैना में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने कहा कि टीकाकरण, मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया जाये।